कार्यालय

# ग्राम पंचायत वल्ला - जदरांगल

विकास खण्ड नगरोटा बगवां, त० धर्मशाला जिला कांगड़ा (हि०प्र०)

क्रमांक ............................ दिनांक ............................

प्रतिलिपि प्रस्ताव संख्या 4 दिनांक 06 05/2013 पारित बैठक अध्यक्षता श्री राकेश कुमार प्रधान ग्राम पंचायत वल्ला (जदरांगल)।

विषय :— 33/11 KV सब-स्टेशन खोलने बारे भूमि चयन हेतु स्वीकृति एवं आपत्ति रहित प्रमाण-पत्र देने बारे।

अध्यक्ष महोदय ने बैठक में प्रस्ताव रखा कि ग्राम पंचायत वल्ला (जदरांगल) के अन्तर्गत समस्त क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति सब-स्टेशन ज्वालीरा नगरोटा बगवाँ से होती है जिसकी दूरी पंचायत क्षेत्र से लगभग 10-12 K.m. है। प्राकृतिक आपदा जैसे भारी बरसात व हवा-तूफान के कारण कई बार बिजली की आपूर्ति दो-२ दिन तक बहाल नहीं होती है और बिजली के लोड में भी कमी रहती है। धार्मिक स्थल भी समीप नागेश्वर मन्दिर जहां वर्ष भर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है निकट होने के कारण देर समय तक बिजली की आपूर्ति न होने से हर किसी को असुविधा रहती है। इस क्षेत्र को प्रस्तावित अतिरिक्त सब-स्टेशनों जैसे सिद्धपुर (कैंटपुर) व बाड़ियां (गोपालपुर) से जोड़ने के बाद भी बिजली की आपूर्ति यथास्थिति बने रहने की सम्भावना है क्योंकि यह दोनों सब-स्टेशन भी लगभग इस क्षेत्र से 10-12 km दूर हैं। पंचायत क्षेत्र में भूमि की उपलब्धता को देखते हुए यहां 33/11 KV सब-स्टेशन को खोलना अति आवश्यक है, ताकि बिजली आपूर्ति व लोड सही रहे। सब-स्टेशन हेतु भूमि नम्बर खसरा 1191/79 रकबा तादादी 0-12-12 किस्म चरागाह दरख्तान हि०प्र० सरकार महाल वल्ला मौजा जदरांगल की जमीन प्रस्तावित है। यदि उक्त भूमि पर सब-स्टेशन खोला दिया जाए तो पंचायत को कोई आपत्ति नहीं है।

अतः सब-स्टेशन खोलने बारे आपत्ति रहित प्रस्ताव प्रतिलिपि सहायक अभियन्ता हि० प्र० विद्युत बोर्ड नगरोटा बगवां की सेवा में उचित एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

प्रमाणित किया जाता है कि प्रस्ताव प्रतिलिपि असलानुसार सही है।

(हस्ताक्षर)

सचिव
ग्राम पंचायत वल्ला (जदरांगल)
विकास खण्ड, नगरोटा बगवां
तह० धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि०प्र०)